# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–12 अप्रैल 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में आज पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय लालजी टंडन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में स्वर्गीय टंडन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में स्वर्गीय टंडन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर भी प्रकाश डाला।

***भारत माता के एक ऐसे सपूत जिन्होंने लखनऊ, प्रदेश और देश की राजनीति में लगभग सात दशक तक अपनी एक मजबूत पहचान बना करके रखी। बहनों और भाईयों कठिन होता है सार्वजनिक जीवन में, सम और विषम परिस्थितियों का सामना किये एक पार्टी, एक विचारधारा और जीवनभर राष्ट्रवाद के मूल्यों का अनुसरण करते हुए लगातार कार्य करने की निष्ठा अगर आप देखेंगे स्वर्गीय लालजी टंडन जी के व्यक्तित्व में उनके कृतित्व में सब दिखाई देगा।***

कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे।

**********

प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज कुशीनगर जिला के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ साथ निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं की स्थिति जानी। श्री मौर्य ने पडरौना स्थित जूनियर हाईस्कूल में सम्राट अशोक की जयंती समारोह को भी सम्बोधित किया। कुशीनगर भ्रमण के दौरान पत्रकारों से बातचीत में उप मुख्यमंत्री ने वक्फ बिल संशोधन विधेयक के अधिनियम बनने के बाद के दूरगामी परिणामों के बारे में भी चर्चा की।

**वक्फ बिल संशोधन जो लोकसभा राज्यसभा से पास होकर के अब कानून का रूप ले चुका है। उसका मैं स्वागत करता हूं और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की सरकार, सभी दोनों सदनों के उन सदस्यों को, जिन लोगों ने इस संसोधन को पास किया उनका अभिनंदन करता हूं। और यह एक ऐतिहासिक बिल है। इसके दूरगामी परिणाम होंगे। गरीब मुसलमानों को बहुत फायदा होगा।**

**********

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज अयोध्या जिले में भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ कुछ गांवों का भ्रमण भी किया। इस अवसर पर श्री पाठक ने कहा कि अभियान के जरिये पार्टी सर्व समाज को जोड़ते हुए जन जन तक मोदी योगी की योजनाओं को पहुंचाने का काम कर रही है।

**********

नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग की शिकायतों के निस्तारण के लिए मऊ जिले के बड़ागांव में आयोजित दो दिवसीय संभव जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर विकास एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा ने हिस्सा लिया। श्री शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में लोगों की विद्युत और नगर विकास संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया गया। साथ ही पात्र व्यक्तियों को सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित गरीब कल्याण योजनाओं का भी लाभ दिलाया गया।

**********

इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल दो हजार पचीस के तहत आज दोपहर बाद से लखनऊ सुपर जायंट्स टीम और गुजरात टाइटंस के बीच मैच जारी है। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्र रक्षण का फैसला लिया। शाम करीब साढ़े पांच बजे तक अंतिम समाचार मिलने तक गुजरात टाइटंस की टीम ने बीस ओवर में 180 रन बना लिया था। इसके जवाब में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम एक दशमलव एक ओवर में सात रन बना सकी थी।

**********

आज देश भर में हनुमान जयंती धार्मिक उत्साह के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के परम भक्त, संकटमोचन श्री हनुमान जी की कृपा सभी पर बनी रहे। प्रदेश के कई जिलों में हनुमान जयंती पर विविध आयोजन किये जा रहे हैं। रामनगरी अयोध्या के ऐतिहासिक और पौराणिक काले राम मंदिर में आज हनुमान जी का अभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। साथ ही नारदीय संकीर्तन और भंडारे का आयोजन भी किया गया। हनुमानगढ़ी में भी आज सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना कर रहे हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर, वाराणसी और जौनपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में आज धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई और भंडारे का भी आयोजन किया गया।

**********

प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में आज और कल कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ वर्षा और बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि पूर्वी इलाकों में कहीं कहीं चौदह अप्रैल को भी वर्षा हो सकती है और गरज चमक के साथ बौछारें भी पड़ सकती हैं। साथ ही विभाग ने आज और कल वज्रपात के साथ तेज झोंकेदार हवा चलने की चेतावनी दी है। इस बीच, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कल रात से मध्यम से लेकर तेज वर्षा और बूंदाबांदी हुई। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में रात में बूंदाबांदी और बारिश हुई, जबकि दिन में मौसम साफ रहा।

**********